धर्म | चैत्र नवरात्रि का समापन, भक्ति और उत्साह का दिखा अद्भुत संगम

# नवमी पर हवन-पूजन, दसवें दिन हुए विशाल भंडारे





नवभारत, जबलपुर। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर मंदिर समिति द्वारा नवमी के दिन हवन-पूजन का आयोजन किया गया। नवमी में विधि-विधान से पूजन हवन- पूजन के बाद श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण दसवें दिन माता का भव्य भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। समापन समारोह की शुरुआत कन्या भोजन से हुई, जिसके बाद भंडारे की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। इस अवसर पर 2000 से अधिक भक्तजन शामिल हुए और मैया का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। पूरे आयोजन में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। उपस्थित श्रद्धालुओं ने माता के प्रति अपनी आस्था और प्रेम व्यक्त किया।

## लाल थीम में सजी मंदिर समिति

मंदिर समिति इस अवसर पर लाल रंग की थीम में सजी-धजी नजर आई, जिससे आयोजन की शोभा को और बढ़ा दिया। ढोल-नगाड़ों की गूंज और माता रानी के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम का आनंद लिया। भंडारे में दही बड़े, हलवा, पूरी, सब्जी सहित कई स्वादिष्ट पकवान परोसे गए। मिठाई में आइसक्रीम और रसगुल्ला श्रद्धालुओं का विशेष आकर्षण बने रहे।

## भद्रकाली ज्योतिष मन्नत धाम में 1008 कन्या भोज



चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर भद्रकाली ज्योतिष मन्नत धाम, पुरवा गढ़ा में 1008 कन्या भोज का भव्य आयोजन किया गया। इसके बाद हवन, पूजन और महाआरती के साथ मां भद्रकाली के साक्षात दर्शन 12 बजे संपन्न हुए। संध्या 3 बजे ज्वारे विसर्जन एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। धर्म गुरु संजय महाराज के नेतृत्व में साधना, पाठ और पूजन द्वारा श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

## मां श्री बड़ी खेरमाई मंदिर की जवारा शोभायात्रा आज



चैत्र नवरात्रि पर मां श्री बड़ी खेरमाई मंदिर में विराजमान भगवती आद्यशक्ति के जवारा स्वरुप के विसर्जन के लिए आज रविवार शाम 7 बजे से भव्य शोभायात्रा का शुभारम्भ मंदिर परिसर भानतलैया से होगा। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने बताया कि जवारा शोभायात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर अपने परम्परागत मार्ग दुर्गा चौक से हनुमानताल होते हुए राजा रसगुल्ला की गली से मिलौनीगंज चौराहा होते हुए, घोड़ा नक्कास की ओर प्रस्थान करेगी। यहां से शोभायात्रा हनुमानताल थाने के सामने बने घाट पर पहुंचेगी जहां पूरे विधि-विधान से पूजन अर्चन कर देवी के जवारों का विसर्जन किया जाएगा। मां श्री बड़ी खेरमाई मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष शरद अग्रवाल, सचिव शशिकांत मिश्रा, उपाध्यक्ष अनिल पाल, महेन्द्र जांगड़े , सुरेश आहूजा , जयकांत उपाध्याय, आशीष त्रिवेदी, नलिनकांत बाजपेई , दीपचंद साहू आदि ने श्रृद्धालुओं से जवारा शोभायात्रा समारोह में सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने के लिए आव्हान किया है।

## देवी गीतों की संगीतमय प्रस्तुति ने किया मंत्रमुग्ध



### चैत्र नवरात्रि पर मां उमिया की महाआरती का आयोजन

नवभारत, जबलपुर। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर लुहारी ग्राम (सूखा) में नरेंद्र पटेल के आवास पर कुर्मी कुल देवी मां उमिया की नवमी महा आरती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ संपन्न हुई। आरती के दौरान आदि शक्ति मां की महिमा का गुणगान करते हुए देवी गीतों की संगीतमय प्रस्तुति ने सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने आरती में शामिल होकर न केवल भक्ति का आनंद लिया बल्कि माता उमिया के प्रति अपने श्रद्धा भाव को भी व्यक्त किया। इस अवसर पर उमिया परिवार के सदस्य सक्रिय रूप से आयोजन में शामिल रहे और आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया। महाराती में उमिया परिवार के सदस्यों के साथ-साथ ग्रामवासी, महिलाएं, पुरुष और बच्चे भी शामिल हुए।

# पिसनहारी मढ़िया में दीपोत्सव और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

### जैन नवयुवक सभा द्वारा भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव का दूसरा दिन



नवभारत, जबलपुर। जैन नवयुवक सभा ने भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के दूसरे दिन पिसनहारी मढ़िया तीर्थ में दीपोत्सव का आयोजन किया। महावीर जिनालय में गढ़ा, पुरवा, बाजना मठ और शास्त्री नगर, धनवंतरी नगर के जैन श्रद्धालुओं ने 1008 दीपों से भगवान महावीर की आरती की। भजन गायकों हर्ष जैन 'विद्यागुरु' और प्राची जैन ने भजनों की प्रस्तुति से भक्तों को मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर पर जैन नवयुवक सभा के अध्यक्ष नितिन बेटिया, प्रधानमंत्री शुभम चिल्लर, कोषाध्यक्ष भावेश जैन, उपाध्यक्ष मयंक जैन, अर्पित जैन, मंत्री पवित्र जैन, अतिशय जैन और मंच संचालन आकाश जैन उपस्थित थे। पिसनहारी तीर्थ के प्रधानमंत्री संजय अरिहंत, उपाध्यक्ष संजय चौधरी, कोषाध्यक्ष सुबोध कामरेड, राजू साईकल, राजीव बेटिया और त्रिशला महिला मंडल की अनेक सदस्य भी शामिल थीं।

आगे की सांस्कृतिक गतिविधियों में 29 मार्च रात्रि 9 बजे कमानिया गेट पर 'शील से सिद्धि' नाटक, और 31 मार्च रात्रि 9 बजे अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें शशिकांत यादव, शंभू शिखर, सुदीप भोला, डॉ. आदित्य जैन, अजहर इक़बाल, स्वयं श्रीवास्तव और मनिका दुबे सहित अन्य प्रख्यात कवि भाग लेंगे।

## लार्डगंज शाखा में भक्तांबर विधान कार्यक्रम

अखिल भारतीय दिगंबर जैन महिला परिषद, डगंज शाखा ने भगवान महावीर के जन्म कल्याण महोत्सव के अवसर पर द्वितीय दिन 12 सूत्री कार्यक्रम श्रृंखला में श्री पारसनाथ दिगंबर जैन स्वर्ण मंदिर, लार्डगंज में भक्तांबर विधान का आयोजन किया। संभाग अध्यक्ष संध्या जैन, शाखा अध्यक्ष मीना बड़कुल, सचिव संजना जैन और रेखा जैन ने मंडप में कलश स्थापना की। सुशीला लखनऊ ने मंगल दीपक स्थापित किया। कार्यक्रम में विजयलक्ष्मी जैन, रानी जैन, मनी जैन, निशा चौधरी, साधना बड़कुल, साधना जैन, पुष्पा जैन, कल्पना जैन, श्वेता मोदी, सुषमा, डॉक्टर जूही जैन, मनीषा जैन, प्राचार्य मनीषा, नेता ऋचा जैन, उषा सिंघई ने दान राशि देकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। शाखा अध्यक्ष मीना बड़कुल ने बताया कि 29 मार्च, रविवार को सुबह 10 बजे लाडगंज मंदिर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नंदिनी सिंघई और दांत चिकित्सक डॉक्टर शुभी जैन द्वारा स्वास्थ्य जांच एवं कार्यशालाएं आयोजित होंगी।

## सोशल ग्रुप ने एकल विद्यालय को लिया गोद

नवभारत,जबलपुर। भगवान महावीर जयंती समारोह के तृतीय दिवस पर सोशल ग्रुप जबलपुर नगर के सदस्यों ने वन बंधु परिषद द्वारा संचालित एक सुदूर गांव के एकल विद्यालय को गोद लिया। संस्था बच्चों को निशुल्क शिक्षा और आवश्यक साधन प्रदान करती है और देशभर में लगभग 89,000 ऐसे विद्यालय चला रही है। ग्रुप की ओर से इस विद्यालय के समर्थन में 30,000/- रुपए का चेक समन्वय संस्था के कार्यालय में प्रदान किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष गणेश पुरोहित, सचिव दीपक दत्त शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, सुधीर लक्ष्मी, प्रवीण वंदना, प्रदीप कुमुद बैंटिया, रीतेश दीपाली, मनोज साधना, संतोष सुषमा लहरी, डॉ. कंचनलता, नितिन स्नेह, राविज रितु, पंकज प्रतिभा, अरविंद आभा सहित प्रमुख संयोजक एवं सहायक सदस्य उपस्थित रहे।




### एक नजर में

## रादुविवि कार्यपरिषद में प्रो .संधू नामित



नवभारत, जबलपुर। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 की धारा 23 की उपधारा (1) के खंड (दो) के अंतर्गत कुलाधिपति के द्वारा प्रो. एस.एस. संधू, संकायाध्यक्ष, जीव विज्ञान संकाय को विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद में सदस्य के रूप में नामित किया गया है। यह नामांकन संकायाध्यक्ष श्रेणी के अंतर्गत किया गया है। प्रो. संधू के पास शिक्षण, अनुसंधान एवं प्रशासनिक कार्यों का व्यापक अनुभव है, जिससे विश्वविद्यालय की नीतियों और निर्णय प्रक्रिया में मजबूती आने की उम्मीद जताई जा रही है। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो डॉ राजेश कुमार वर्मा ने प्रो. एस.एस. संधू को कार्यपरिषद में सदस्य नामित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## शिवप्रसाद पटेल बने प्रदेश महामंत्री



नवभारत,जबलपुर। अखिल भारतीय पंचायत परिषद (भारत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष की सहमति से मध्यप्रदेश राज्य पंचायत परिषद की नई कार्यकारिणी घोषित की गई है। इस कार्यकारिणी में मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले के अनुभवी और सक्रिय प्रतिनिधियों को प्रमुख दायित्व प्रदान किए गए हैं। जबलपुर जिले से शिवप्रसाद पटेल (शिव पटेल) को प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। परिषद का उद्देश्य मध्यप्रदेश में पंचायतों में जनभागीदारी बढ़ाना, ग्रामीण विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वन करना, पंचायत प्रतिनिधियों के अधिकारों की रक्षा करना और पंचायतों के सर्वांगीण विकास में सहयोग देना है।

## झारिया समाज का सम्मेलन 26 अप्रैल को

नवभारत, जबलपुर। झारिया कल्याण संघ जबलपुर के तत्वाधान में झारिया समाज का सम्मेलन मानस भवन जबलपुर प्रेक्षागृह में रविवार 26 अप्रैल 2026 को आयोजित किया जायेगा। सम्मेलन के दौरान विवाह योग्य युवक- युवतियों के लिए सुयोग्य जीवन साथी तलाशने के अवसर प्रदान किये जायेंगे। समाज में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए वर्ष 2025 में कक्षा 10वीं एवं उच्च कक्षाओं की बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित और वरिष्ठजनों एवं समाज की विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं का सम्मान भी किया जायेगा। संघ के डॉ. एन.पी.झारिया, गनेश सिंह झारिया, संतोष मेहरा, सोमराज झारिया, पुष्पा झारिया, संतोष झारिया, अजय झारिया, मथुरा प्रसाद झारिया, भगवत प्रसाद झारिया, भीकम झारिया, हरि मेहरा, देवदत्त झारिया, डॉ. आर. एम. झारिया, रामेश्वर प्रसाद मेहरा, सुनील झारिया, रामस्वरूप झारिया, अशोक झारिया, राधा झारिया, बलराम झारिया आदि ने स्वजातीय बंधुओं से उपस्थिति की अपील की है।

## धनगर यादव समाज द्वारा महाआरती आज

नवभारत,जबलपुर। धनगर यादव समाज, जबलपुर द्वारा धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने हेतु भगवान श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, रामपुर में आज भव्य महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम शाम 8 बजे प्रारंभ होगा और इसके बाद भजन संध्या तथा प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी है। समाज के प्रदेश अध्यक्ष रामरतन यादव ने सभी सदस्यों और श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# सकारात्मक विचार ही उज्जवल भविष्य की कुंजी : ब्रह्माकुमारी

### नकारात्मक मनोभावों से मुक्ति विषय पर व्याख्यान




नवभारत,जबलपुर। राजर्षि परमानंद भाई पटेल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा उनके 21वें पुण्य स्मृति दिवस के अवसर पर प्रेमनगर स्थित शिव उपहार भवन में 'नकारात्मक मनोभावों से मुक्ति' विषय पर प्रेरणादायक व्याख्यान आयोजित किया गया। मुंबई से पधारी वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी दीपा दीदी ने कहा कि खुश रहना हमारी जिम्मेदारी है और नकारात्मकता में भी सकारात्मक सोच अपनाकर जीवन को सुखमय बनाया जा सकता है। उन्होंने राजयोग के नियमित अभ्यास और नई सोच अपनाने पर जोर दिया। दीपा दीदी ने बताया कि हमारे विचार ही हमारे वर्तमान और भविष्य का निर्माण करते हैं और सकारात्मक मनोभाव संबंधों को सरल और सफल बनाते हैं। उन्होंने कहा कि शांति और सद्भावना की ऊर्जा राजयोग के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम में डॉ. सोनल अमीन ने राजर्षि परमानंद भाई पटेल के व्यक्तित्व और समाज सेवा योगदान पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. जितेन्द्र जामदार ने आयोजन की सराहना करते हुए आत्ममंथन और आत्मपरिवर्तन के महत्व को रेखांकित किया। अंत में ब्रह्माकुमारी विमला दीदी ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया और जीवन में राजयोग अपनाने का आग्रह किया।

## पाम संडे का आयोजन आज

नवभारत,जबलपुर। आज 29 मार्च, को सेंट पीटर एंड पॉल कैथेड्रल, सदर में पाम संडे यानि खजूर रविवार बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह पर्व ईस्टर से एक सप्ताह पहले प्रभु ईशा मसीह के यरूसलेम प्रवेश की स्मृति में मनाया जाता है, जब लोग अपने हाथों में खजूर की डालियाँ लेकर प्रभु का स्वागत करते हैं। सुबह 7 :30 बजे से खजूर की डालियों के साथ एक जलूस सेंट जोसेफ स्कूल से शुरू होकर चर्च परिसर में समाप्त होगा। इसके बाद चर्च में पाम संडे की पवित्र आराधना संपन्न होगी। इस आयोजन में पल्लीपुरोहित डॉ. फादर डेविस जोर्ज एवं सह पल्लीपुरोहित जोनस मरकाम ने सभी पल्लीवासियों की उपस्थित होने की अपील की है।



## शक्ति स्वरूपा लीनेश क्लब ने किया कन्या पूजन

नवभारत,जबलपुर। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर शक्ति स्वरूपा लीनेश क्लब ने राइट टाउन स्थित प्रेम मंदिर में भव्य भजन और कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किया। क्लब की अध्यक्ष विनीता सिंह यादव और सचिव संगीता त्रिपाठी के नेतृत्व में यह कार्यक्रम डायरेक्टर रेखा विनोद जैन की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। क्लब की सभी सदस्याएँ पारंपरिक लाल साड़ी में उपस्थित रहीं और नन्हीं कन्याओं की पूजा कर खुशहाली और विश्व में अमन-शांति की प्रार्थना की। कार्यक्रम में साधना बड़कुल, बबीता माहुले, सुधा जायसवाल, रश्मि मेहता, पूजा झरिया, रानू वैश्य, संगीता जायसवाल, रितु अभिषेक जैन, शुभांगी सिंह यादव, निधि पंकज जैन सहित समस्त लीनेश मातृशक्ति ने सेवा कार्य में भाग लेकर आयोजन की शोभा बढ़ाई।



## महाकाल कालोनी में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान का आयोजन

नवभारत,जबलपुर। महाकाल कालोनी, ग्राम सहजपुर में 28 मार्च से 3 अप्रैल 2026 तक श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान का आयोजन किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक होगी। कथाव्यास डॉ. स्वामी नृसिंहदेवाचार्य जी महाराज होंगे, जबकि मुख्य यजमान आनंदीलाल पटेल और मोमबाई पटेल हैं। कथा में भागवत महात्म्य, सृष्टि रचना, श्रीकृष्ण लीला, नृसिंह और वामन अवतार सहित अनेक प्रमुख प्रसंग होंगे। कथा के अंतिम दिन 3 अप्रैल को सुदाम चरित्र, परीक्षित मोक्ष एवं पूर्णहित हवन होगा। इसके उपरांत 4 अप्रैल को दोपहर 12 बजे विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। संयोजक रोहित पटेल, क्षेत्रीय विधायक नीरज सिंह ठाकुर और शिव पटेल ने सभी श्रद्धालुओं से आमंत्रण देते हुए धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# अवधपुरी में प्रभु श्रीरामकथा स्थल का भूमिपूजन

नवभारत,जबलपुर। तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामनान्दाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी की श्रीराम कथा के आयोजन के लिए कथा स्थल का भूमिपूजन आयुर्वेद कॉलेज मैदान, गौरीघाट में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जगद्गुरु सुखानंद द्वाराचार्य स्वामी राघवदेवाचार्य, जगद्गुरु डॉ स्वामी नरसिंहदेवाचार्य, महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरान्द, महामंडलेश्वर स्वामी डॉ राधे चैतन्य, जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी राजारामचार्य, स्वामी रामभारती, साध्वी मैत्री दीदी उपस्थित रहे। भूमिपूजन में राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकी, विधायक अजय विश्नोई, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, स्वागत समिति संयोजक गुलशन मखीजा, आयोजन समिति अध्यक्ष डॉ जितेंद्र जामदार, सचिव अखिल मिश्रा सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे।




श्रीराम कथा स्थल का नाम 'अवधपुरी' रखा गया है। डॉ जितेंद्र जामदार ने बताया कि भगवान श्रीराम का जन्म अवधपुरी में हुआ था, इसलिए सभी की सहमति से कथा स्थल का नाम यही रखा गया। कथा आयोजन हेतु दत्त भजन मंदिर, गोलबाजार में स्थानीय कार्यालय बनाया गया है, जिसमें प्रतिदिन सुबह 10 बजे प्रमुख सदस्य उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर पं रोहित दुबे, पं ब्रजेश दीक्षित, पं राधेश्याम शास्त्री, गुलशन मखीजा, डॉ जितेंद्र जामदार सहित आयोजन और व्यवस्था समिति के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

जयंती | पुलिस की अनूठी पहल, सायक्लोथॉन-2026 का भव्य आयोजन

# पर्यावरण बचाने पुलिस अधिकारियों के साथ 200 से अधिक प्रतिभागियों ने दौड़ाई सायकिल

नवभारत,जबलपुर। राष्ट्रीय एकता के सूत्रधार और देश के लौह पुरुष स्व. सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के ऐतिहासिक अवसर पर शनिवार को संस्कारधानी में उत्साह का माहौल रहा। पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के मार्गदर्शन में एक भव्य सायक्लोथॉन-2026 का आयोजन किया गया। इस आयोजन के माध्यम से न केवल महान जननायक को श्रद्धांजलि अर्पित की गई, बल्कि आओ सायकिल चलायें, पर्यावरण बचायें का महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश भी प्रसारित किया गया।

शनिवार सुबह 7 बजे पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में जोश और ऊर्जा का संगम देखने को मिला।



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूर्यकांत शर्मा ने सायकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान वातावरण देशभक्ति और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प से सराबोर नजर आया। इस आयोजन में पुलिस महकमे के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों की सक्रिय भागीदारी रही। समापन अवसर पर अधिकारियों ने बताया कि सरदार पटेल ने देश को एकता के सूत्र में पिरोया था, और यह सायक्लोथॉन उसी एकता को प्रदर्शित करने का एक माध्यम है। साथ ही, बढ़ते प्रदूषण को रोकने और युवाओं को शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए सायकिलिंग के प्रति जागरूक करना इस आयोजन का मुख्य ध्येय रहा। रैली में मुख्य रूप से एएसपी सूर्यकांत शर्मा, सीएसपी कैंट उदयभान बागरी, सेवा निवृत्त उप पुलिस अधीक्षक सुनील नेमा, रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य, थाना प्रभारी रांझी उमेश गोल्हानी, सूबेदार सुश्री रूमा तेकाम, सूबेदार मनीष नवेरिया, तथानों व पुलिस लाईन के अधिकारी कर्मचारी, पुलिस परिवार के सदस्य, युवा, खिलाडी, एन.एस.एस. एनसीसी कैडिट्स सहित लगभग 200 लोगों ने भाग लिया।

### शहर के प्रमुख चौराहों से गुजरी रैली

सायकिल रैली पुलिस लाईन स्थित परेड ग्राउंड से प्रारम्भ होकर मालगोदाम चौक, हाईकोर्ट चौक, घंटाघर, बडी ओमती, करमचंद चौक, मालवीय चौक, रानीताल चौक, से गेट न. 4, मदनमहल थाना के सामने से, ब्लूम चौक, जबलपुर अस्पताल होते हुये रसल चौक, इन्कमटैक्स चौक, नागरथ चौक, चंदनवन, हाईकोर्ट चौक, मालगोदाम चौक, से होते हुये पुलिस लाईन स्थित पुलिस ग्राउण्ड में समाप्त हुई।

## गुंजन कला सदन द्वारा गीत-संगीत निशा 1 को

नवभारत,जबलपुर। गुंजन कला सदन मध्यप्रदेश द्वारा 1 अप्रैल बुधवार को संध्या 6.30 बजे से शहीद स्मारक भवन, गोलबाजार में एक ही कलाकार श्रृंखला के अंतर्गत गायक रज्जन सूर्यवंशी के मधुर गीतों की संध्या आयोजित है । वे भजन, लोकगीत, गजल और फिल्मी गीत प्रस्तुत करेंगे । इस अवसर पर अजय विश्नोई, अभिलाष पांडे, आशीष रस्तोगी, राजेश दीवान, सेठ बालकिशन एवं यमेश चौधरी आतिथ्य करेंगे । राजेश पाठक 'प्रवीण', बबलू मैथ्यूज, मुन्ना गूजर, धर्मपाल विश्वकर्मा मंगलभाव व्यक्त करेंगे । संस्था ने गीत - संगीत प्रेमियों से उपस्थिति का अनुरोध किया है ।